भारतीय सेना ने AK-203 राइफलें कीं प्राप्त

[स्रोत: द हिंदू]

हाल ही में रूस ने 27,000 **रूसी AK-203 असॉल्ट राइफलों** की पहली खेप **भारतीय सेना** को सौंप दी है।

- जुलाई 2021 में भारत और रूस के बीच हस्ताक्षरित एक अनुबंध के तहत, रूस से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ भारत में **6.1 लाख से अधिक AK-203 असॉल्ट राइफलों का निर्माण** किया जाएगा।
- इस उद्देश्य के लिये **वर्ष 2019** में **उत्तर प्रदेश के कोरवा में** संयुक्त उद्यम **इंडो-रूसी राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (IRRPL)** की स्थापना की गई थी।
    - इसकी स्थापना भारत के तत्कालीन **आयुध निर्माणी बोर्ड** [वर्तमान में **एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (AWEIL)** तथा **म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड (MIL)]** एवं रूस के **रोसोबोरोनेक्सपोर्ट (RoE) तथा कलाश्निकोव कंपनी** के बीच की गई थी।
- भारत उत्तरोत्तर देश में ही AK-203 राइफलें बना रहा है, जिसका लक्ष्य केवल **2 वर्षों** में **70%** घरेलू उत्पादन तक पहुँचना है। वर्तमान में राइफल के लगभग **25% पुर्जे स्थानीय स्तर पर निर्मित** होते हैं।
- अनुमान है कि **दो से तीन वर्षों में 100% स्थानीयकरण के साथ बड़े पैमाने पर राइफलों का उत्पादन** किया जाएगा।
- भारतीय सेना अधिक उन्नत हथियारों के पक्ष में **INSAS (इंडियन नेशनल स्मॉल आर्म्स सिस्टम)** राइफलों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर रही है।

//

और पढ़ें: [AK-203 राइफल्स]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-army-gets-ak-203-rifles